**<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>**
**<u>प्रादेशिक समाचार</u>**

<u>दिनांक–**25 जुलाई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक अदालत बनाने और कड़ी सजा सुनिश्चित करने वाले मसौदा विधेयक को दी मंजूरी।
- सर्वोच्च न्यायालय ने नीट पेपर लीक के बाद लागू किए गए सुधारों की प्रगति की मांगी जानकारी। केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के दिए निर्देश।
- आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक। कहा– अफवाह फैलाने और सौहार्द् बिगाड़ने वालों के विरूद्ध की जाय कठोर कार्रवाई।
- प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी। बाराबंकी में घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान के पार।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक न्यायालय बनाने और कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने के लिए एक मसौदा विधेयक को मंज़ूरी दे दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। वहीं इस मामले पर संसद के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयक के पारित होने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

***सोमवार को बिल तो हम लोग तो तैयारी कर रहे हैं। हम तो प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि छात्रों को लेकर के जो हम बिल ला रहे हैं तो उसमें कोई विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें कोई रुकावट पैदा करने के लिए कोई हथकंडे अपनाना ठीक नहीं होगा। अब इसको राजनीतिकरण करके फायदा नहीं है। हम लोग को ठोस कदम कैसे उठाना चाहिए छात्रों का भविष्य के लिए इस पर ध्यान देना चाहिए।***

इससे पहले गुरूवार रात प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा थी कि पेपर लीक की घटना के बाद पिछले ढाई महीने में कई कदम उठाए गए हैं। इस बीच सरकार ने कडे कदम उठाते हुए परीक्षा एजेंसी के 47 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी। यह परीक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार लाने की दिशा में अहम कदम है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नीट–यूजी पेपर लीक मामले के बाद सुधारों को लागू करने में हुई प्रगति पर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर कड़ी निगरानी रखेगी और नियमित रूप से इसकी समीक्षा करती रहेगी। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि वह परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम में बदलने के लिए क्या कदम उठा रही है। मामले की अगली सुनवाई सत्ताइस जुलाई को होगी।

**********

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने कल नई दिल्ली मे कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। श्री नड्डा ने बताया कि मुलाकात सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि बैठक में परीक्षा प्रणाली में सुधार संबंधी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया।

**लगभग दो घंटे बातें चलीं सरकार की ओर से मैं और मेरे साथ माननीय मंत्री जितेन्द्र सिंह जी बातचीत में शामिल हुए। उनकी बातें हमने सुनीं। बातें सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुईं और कई दृष्टि से उन सारी बातों पर हर तरीके से चर्चा हुई।**

श्री नड्डा ने बताया कि कॉक्रोच जनता पार्टी ने तीन मुख्य मांगें रखीं और परीक्षाओं के पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव भी दिया। दोनो केन्द्रीय मंत्री कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के साथ आज एक बार फिर चर्चा करेंगे।

**********

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा युवाओं के हितों को ध्यान में रखा है। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में समय रहते कार्रवाई के साथ दोबारा परीक्षा भी करवाई गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरने के बजाय सदन में चर्चा करनी चाहिए।

***युवा हमारा देश का भविष्य और युवा किसी राजनीतिक दल का नहीं है बल्कि देश का एसेट और प्रधानमंत्री हमेशा उस युवाओं पे फोकस किया है और हमने देखे होंगे कि नीट परीक्षा के लीक होने के बाद तत्काल उस पे सख्त से सख्त कार्रवाई भी की। हम विपक्ष से भी कह रहे हैं कि आप आओ सदन में बात करो कि युवाओं के लिए आगे कोई दिक्कत ना आए वैसा जो आपके पास सुझाव हो दे ताकि उसमें कानून बनावे नया ताकि आगे फिर पेपर लीक ना हो।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छत्तीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी कांवड़ा यात्रा और अन्य पर्वों को लेकर कल देर शाम उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा में प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौहार्द् बिगाड़ने, अफवाह फैलाने, मिलावट, ओवर रेटिंग, अव्यवस्था या अराजकता करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस और मदिरा की दुकानें बन्द रखी जाएं। इसके साथ ही प्रत्येक दुकान पर संचालक का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा अब प्रदेश के किसी एक हिस्से तक सीमित आयोजन नहीं रह गयी है। ऐसे में हर जनपद में व्यवस्थाओं पर ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा से पहले यात्रा मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर लेने के भी निर्देश दिये।

**********

इस बीच, प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आगामी सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज के ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कई विभागों और जनता के बीच समन्वय बनाया जा रहा है।

***कांवड़ यात्रा को लेकर जो भी इससे जुड़े हुए चाहे वह सरकारी विभाग हो या फिर आमजन हो या जो भी समितियां उनके साथ एक संवाद स्थापित किया गया है। मुख्य जो घाट हैं जहां से गंगाजल लेकर लोग शिवालयों में जाते हैं। वहां का निरीक्षण किया गया। रूट का निरीक्षण किया गया। घाटों पर जहां–जहां पर जल पुलिस की सहयोग ले ली है। जल पुलिस ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस तरह से श्रद्धालुओं को कहीं कोई कठिनाई ना हो इसके लिए हमारे पूरे अधिकारी पूरे अलर्ट मोड पर हैं।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा के दौरे पर रहेंगे। वह फतेहाबाद रोड स्थित टाटा मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान तीन सौ बयालीस करोड़ रूपये की तिरपन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री कमिश्नरी सभागार में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और कानून–व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे।

**********

नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल झांसी में तिरासी करोड़ चौबीस लाख रुपए की लागत से निर्मित गुरसराय नगरपालिका परिषद और गरौठा नगर पंचायत संयुक्त पुनर्गठन पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में पेयजल, बिजली और आधारभूत ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

**********

सहारनपुर के गंगोह थाना अन्तर्गत ग्राम नया कुंडा में एक पटाखा फैक्ट्री में कल शाम विस्फोट हो जाने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। वर्षा और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण बाराबंकी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं अयोध्या और बलिया में घाघरा, लखीमपुर खीरी में शारदा और बदायूं में गंगा नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। बाढ़ की आशंका के दृष्टिगत सभी संवेदनशील जिलों में वहां का प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया है।

**********